खीरी के लागो ने सपा बसपा छोड़ कांगेस का थामा हाथ



लखीमपुर खीरी। विधानसभा धौरहरा से 175 लोगों ने सपा , बसपा, भाजपा छोड़ विधानसभा पलिया की ब्लॉक बांकेगंज से दो दर्जन लोगों ने सपा और बसपा, भाजपा का दामन छोड़कर कांग्रेस की 10 माल एवेन्यू लखनऊ कार्यालय में सदस्यता ग्रहण की। उत्तर प्रदेश के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम एवं सह प्रभारी अब्दुल हन्नान कार्यकारी अध्यक्ष सांसद इमरान मसूद ने सभी को सदस्यता ग्रहण कराते हुए सभी का पटका पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल मौजूद रहे।

गोला में छठ पूजा की तैयारियों का पालिकाध्यक्ष ने लिया जायजा



गोला गोकर्णनाथ खीरी। छोटी काशी में छठ पूजा पर्व को लेकर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, सफाई निरीक्षक नरेश तथा यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ पवित्र तीर्थ स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा से पूर्व तीर्थ स्थल की समुचित सफाई, स्वच्छ जल एवं बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य कल तक हर हाल में पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान गौरव ज्ञान त्रिपाठी, विजय मिश्रा, लवकुश अवस्थी सहित नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।

गन्ने की तौल ठप कर गेट बंद किया 600 रुपये भाव की मांग

गोला गोकर्णनाथ। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन के नेतृत्व में किसानों ने कुंभी चीनी मिल का गेट बंद कराकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने गन्ने की तौल भी बंद करा दी है। किसानों की मांग है कि गन्ने का मूल्य बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। साथ ही तौल में कथित गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि कहीं तौल घटाई जाती है तो कहीं बढ़ाई जाती है। किसानों ने सभी किसानों के गन्ने की तौल एक समान किए जाने की मांग उठाई। धरना प्रदर्शन के दौरान अनुराग मिश्रा, सर्वजीत सिंह, मोहम्मद उस्मान, चांद मोहम्मद समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



धौरहरा-खीरी। संवाददाता। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और समावेशी शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बृहस्पतिवार से ब्लॉक संसाधन केंद्र धौरहरा में शुरू हुआ। 12 नवंबर से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण 14 नवंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक सुशील कुमार पटेल एवं सरोज कुमार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, उनकी जरूरतों को समझने तथा उनकी शिक्षा और देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दे रहे हैं। साथ ही बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अपनाए जाने वाले तरीकों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी आवश्यकता और क्षमता के अनुरूप शिक्षा का समान अवसर उपलब्ध कराना है। इस दौरान कार्यकत्रियों को बच्चों के प्रति संवेदनशीलता बरतने और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार, मुनीश कुमार एवं संत कुमार उपस्थित रहे।

छठ पर्व को लेकर डीएम ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पर्व के सकुशल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने शहर के सेठघाट पहुंचकर तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों का पुन: परीक्षण कर लें, ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीएम ने घाट की साफ-सफाई, पूजन स्थल की व्यवस्था, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़े अन्य इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं संरक्षक से संवाद कर तैयारियों की जानकारी भी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि छठ महापर्व श्रद्धा और आस्था का विशेष पर्व है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्र होते हैं, लिहाजा सभी संबंधित विभाग पूरी जिम्मेदारी और आपसी समन्वय के साथ व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उल्ल नदी में नाव से निगरानी करेगी वन विभाग की टीम

छठ पूजा के दौरान नदी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उल्ल नदी में वन विभाग की टीम नाव के माध्यम से निगरानी करेगी। टीम नदी क्षेत्र में मगरमच्छ एवं अन्य जलीय जीवों की गतिविधियों पर नजर रखेगी, ताकि श्रद्धालु निर्भय होकर पर्व से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर सकें। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को पूरी सतर्कता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के मौके पर एसडीएम सदर, तहसीलदार मुकेश वर्मा , बी0डी0ओ लखीमपुर संदीप तिवारी, नगर पालिका परिषद लखीमपुर की अवर अभियंता समरा सईम सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

जनगणना में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

16 नवंबर से स्व-गणना का प्रचार, एक दिसंबर से घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक



उन्नाव। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और

डीएम ने तय की जवाबदेही

कर्मचारियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड ने बताया कि प्रदेश में 16 से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना होगी। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना करेंगे। पांच से नौ जनवरी तक गणना कार्य का पुनरीक्षण किया जाएगा। स्व-गणना के प्रचार के लिए 16 से 29 नवंबर तक अलग-अलग विभागों और वर्गों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसमें प्रशासन, ग्रामीण विकास, कृषि, युवा, खेल, मीडिया, न्यायिक विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, परिवहन, महिला एवं स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न वर्ग शामिल हैं। डीएम ने व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ जरूरत के अनुसार शिविर लगाकर लोगों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गणना ब्लॉकों के गठन, मैपिंग, जियो टैगिंग तथा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की समीक्षा कर नियमित निगरानी के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ कृतिराज, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, जिला जनगणना प्रभारी उमाशंकर सहित सभी बीडीओ और बीईओ मौजूद रहे।

नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, गंगा घाटों पर उमड़ा उत्साह

शुक्लागंज, उन्नाव। लोक आस्था के महापर्व छठ का शुभारंभ शुक्रवार को पारंपरिक नहाय-खाय के साथ हो गया। नगर के घरों से लेकर गंगा तटों तक पर्व का उल्लास दिखाई दिया। शाम चार बजे व्रतियों ने गंगा स्नान के बाद सात्विक भोजन ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरुआत की। मैथिल नव चेतना समिति के अध्यक्ष सुनील झा ने बताया कि शनिवार को खरना का अनुष्ठान होगा। व्रती महिलाएं दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को सूर्यदेव और छठी मइया का पूजन करेंगी। गुड़ और चावल की खीर, ठेकुआ व फलों का प्रसाद तैयार कर भोग लगाया जाएगा। खरना के साथ ही 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा, जिसका समापन सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा। छठ पर्व को लेकर बाजारों में पूजन सामग्री, बांस की टोकरी, सूप और फल खरीदने वालों की भीड़ रही। वहीं, जिला प्रशासन और पालिका प्रशासन ने घाटों पर साफ-सफाई, समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग का काम पूरा कर लिया है, ताकि व्रतियों को असुविधा न हो।

15 नए कनेक्शन के बाद भी सिरियापुर में पेयजल संकट

पाटन, उन्नाव। बीघापुर तहसील क्षेत्र के सिरियापुर गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। ग्रामीणों की शिकायत पर जल निगम ने पहले 10 कनेक्शन किए थे, लेकिन पूरे गांव में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच सका। इसके बाद सहायक अभियंता शशि प्रकाश भारती ने गांव का निरीक्षण किया। एक नवंबर 2026 को ग्राम सभा में 15 नए कनेक्शन भी लगाए गए, लेकिन ग्रामीण अब घर-घर कनेक्शन कर नियमित जलापूर्ति की मांग कर रहे हैं। सहायक अभियंता शशि प्रकाश भारती ने बताया कि बजौरा गांव स्थित पानी की टंकी की क्षमता सीमित है।

जितेंद्र प्रताप सिंह को मौरावां थाने की कमान

उन्नाव। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत इंस्पेक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह को मौरावां थाने का कार्यवाहक प्रभारी बनाया गया है। वहीं इंस्पेक्टर गीता सिंह को महिला थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा इंस्पेक्टर असोहा फूल सिंह, इंस्पेक्टर रेखा सिंह और इंस्पेक्टर कुंवर बहादुर सिंह को गैर जनपद रवाना किया गया है। वहीं माखी थाने की चकलवंशी चौकी पर तैनात प्रभारी विजय प्रताप को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस विभाग में हुए इस फेरबदल के बाद कई थानों और चौकियों की जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है।

एएसपी ने विद्यार्थियों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ

उन्नाव। शहर के एक चर्चित विद्यालय में यातायात जागरूकता माह के तहत पुलिस विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एएसपी प्रदीप कुमार ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी लापरवाही जिंदगी पर भारी पड़ सकती है। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करें। निर्धारित गति सीमा का पालन करें और वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें। अभिभावक नाबालिग बच्चों को वाहन न दें। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नियमों का पालन करने और परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करने को कहा। कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान की जानकारी देते हुए महिला सुरक्षा, सशक्तीकरण और हेल्पलाइन सेवाओं से संबंधित जागरूकता टेंपलेट भी वितरित किए गए। बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का एएसपी ने उद्घाटन किया। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया। इस दौरान यातायात उपनिरीक्षक तिलक सिंह, विद्यालय प्रबंधक अहमद मनीष रिजवी और प्रधानाचार्य सैयद फातिमा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अन्नू टंडन ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ



उन्नाव। केपी बैडमिंटन क्लब की ओर से आयोजित कृष्ण प्रकाश जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने दीप प्रज्वलित कर किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि यूपी ग्रामीण बैंक के डीआरएम आशीष त्रिपाठी और बार एसोसिएशन अध्यक्ष रतींद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। अन्नू टंडन ने कहा कि क्लब की ओर से प्रतिवर्ष प्रतियोगिता आयोजित करना सराहनीय पहल है। इससे जिले की प्रतिभाओं को मंच मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। खेल शारीरिक व बौद्धिक विकास के साथ एकाग्रता भी बढ़ाते हैं। आशीष त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के लिए खेल भी पढ़ाई जितने जरूरी हैं। जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण प्रतिद्वंद्वी के प्रदर्शन से सीखना है। रतींद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्व. कृष्ण प्रकाश श्रीवास्तव और जगदीश प्रसाद श्रीवास्तव ने बैडमिंटन के जरिए जिले का नाम रोशन किया। उनकी स्मृति में आयोजित यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष बादल, रोली सरीन, डॉ. मनोज श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, अनिल शुक्ला और देवस्वरूप त्रिवेदी मौजूद रहे।

कृष्ण लीला महोत्सव में देवकी वसुदेव विवाह का मंचन

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के नानामऊ मार्ग पर बुधवार शाम श्री दुर्गेश्वर कृष्ण लीला समिति की ओर से आयोजित 74वें कृष्ण लीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन मंडल के बाल कलाकारों ने देवकी-वसुदेव विवाह और भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का सजीव मंचन किया। लीला मंचन से पूर्व बाबा दुर्गेश्वर महाराज का पूजन किया गया। आचार्य संजीव दीक्षित, अनमोल तिवारी और राजकुमार द्विवेदी ने मंच व व्यास पीठ का पूजन कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां दी गईं। पर्दा खुलते ही राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर श्रद्धालु जयकारे लगाने लगे। रवि शंकर दीक्षित और एडवोकेट शैलेंद्र शुक्ला ने बाल रूप राधा-कृष्ण की आरती उतारी। मंचन में कंस के अत्याचारों से पीड़ित पृथ्वी की पुकार पर भगवान विष्णु के अवतार लेने, देवकी-वसुदेव के विवाह, आकाशवाणी से कंस को अष्टम पुत्र के हाथों मृत्यु की सूचना मिलने और उनके कारागार में बंद किए जाने का प्रसंग दिखाया गया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्म, कारागार के ताले खुलने और वासुदेव के उन्हें यमुना पार गोकुल पहुंचाने की लीला का मंचन हुआ।

कृष्ण कुमार वर्मा बने पिछड़ा मोर्चा अवध क्षेत्र के महामंत्री

असोहा, उन्नाव। क्षेत्र के सदासुखखेड़ा निवासी भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा को पिछड़ा मोर्चा अवध क्षेत्र का महामंत्री बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष की ओर से सूची जारी होने के बाद गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उनकी नियुक्ति पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर की। कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। आगामी विधानसभा चुनाव में पिछड़े वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक पार्टी से जोड़ने और उन्हें भाजपा की नीतियों से अवगत कराने का प्रयास करेंगे।

संदिग्ध हालात में चारपाई पर मृत मिला युवक

पत्नी बच्चों को लेकर गई थी मायके, छोटे भाई ने सीएचसी पहुंचाया

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। वह घर में चारपाई पर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसके मुंह से झाग निकल रहा था। छोटे भाई ने परिजनों की मदद से उसे आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पीछे पत्नी बबली, दो बेटे आर्यन और आबयान तथा बेटी काव्य हैं। भाई चिरंजीव का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि घटना के समय युवक की पत्नी बच्चों को लेकर मायके गई थी। थाना प्रभारी ने बताया कि भाई की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खुले ट्रांसफॉर्मर से खतरा, कई मवेशियों की हो चुकी मौत

बिछिया, उन्नाव। क्षेत्र के तौरा गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही से सड़क किनारे खुले में रखा 250 केवीए का ट्रांसफॉर्मर हादसों को दावत दे रहा है। ट्रांसफॉर्मर में करंट उतरने से पहले कई अन्ना मवेशियों की मौत हो चुकी है, इसके बावजूद विभाग ने अब तक उसके चारों ओर बैरिकेडिंग नहीं कराई है। ग्रामीणों के मुताबिक, मुख्य सड़क किनारे स्थित ट्रांसफॉर्मर के आसपास जंगल है और अन्ना मवेशी भी अक्सर वहां बैठते हैं। खुले ट्रांसफॉर्मर के कारण जानवरों के करंट की चपेट में आने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से ट्रांसफॉर्मर के चारों ओर जाली या तार की बैरिकेडिंग कराने की मांग की, ताकि मवेशी उसके पास न पहुंच सकें।

फसल चोरी से काटने का आरोप एसपी ने दिए जांच के निर्देश

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के दौलतखेड़ा गांव में खेत में खड़ी धान की फसल चोरी से काट ले जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। एसपी ने मामले की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दौलतखेड़ा मजरे मिर्रीकला निवासी रामशंकर के मुताबिक, गांव स्थित मिलजुमला गाटा संख्या 1800ध्6 व 1790 की भूमि और उसमें खड़े पेड़ों पर उनका पुश्तैनी कब्जा है। खेत में उनके द्वारा धान की फसल बोई गई थी। आरोप है कि बीती तीन नवंबर की रात ब्रह्मीखेड़ा, रैकड़ और शिवदीनखेड़ा गांव के कुछ विपक्षी चोरी से फसल काट ले गए। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

युवक का शव रख परिजनों ने फोरलेन पर लगाया जाम

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के विष्णुपुरी के सामने रेलवे खंती में मिले युवक के शव को लेकर शुक्रवार देर शाम परिजनों ने कोतवाली के सामने फोरलेन पर जाम लगा दिया। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए युवक की हत्या कर शव फेंके जाने का दावा किया। करीब एक घंटे बाद पुलिस के निष्पक्ष जांच और कार्रवाई के आश्वासन पर जाम खुल सका। मृतक की पहचान प्रेमनगर निवासी नीरज उर्फ रेशू (28) पुत्र राजेश कुमार के रूप में हुई। पिता के मुताबिक, गुरुवार दोपहर करीब 1रू09 बजे लगातार फोन आने के बाद नीरज घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। गुरुवार शाम शव मिलने के बाद सोशल मीडिया के जरिए परिजनों को जानकारी हुई। उनका आरोप है कि थाने पहुंचने पर पुलिस ने तहरीर लेने और मुकदमा दर्ज करने में टालमटोल की। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजन एंबुलेंस से शव लेकर कोतवाली पहुंचे और सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाकर शव सड़क किनारे हटवाया। परिजनों ने गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। वहीं, कोतवाली प्रभारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। नीरज पांच भाइयों में एक था।

महिला हेल्प डेस्क की पहल पर तीन परिवारों में सुलह

पुरवा, उन्नाव। पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद सुलझाने के लिए कोतवाली की महिला हेल्प डेस्क ने पहल की। शुक्रवार को तीन मामलों में दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर काउंसिलिंग की गई। महिला पुलिसकर्मियों के समझाने पर तीनों परिवारों के पति-पत्नी आपसी सहमति से साथ रहने को राजी हो गए। नगर के एक मोहल्ले और दो गांवों की महिलाओं ने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। इस पर महिला हेल्प डेस्क की पुलिसकर्मी नीतू सिंह ने दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। उन्होंने पति-पत्नी को एक-दूसरे की भावनाएं समझने, मतभेद दूर करने और मिल-जुलकर रहने के लिए प्रेरित किया।

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की तैयारी डीएम ने दिए दवा खिलाने के निर्देश

हसनगंज और औरास में 19 नवंबर से सात दिसंबर तक चलेगा अभियान, 335 मरीज चिह्नित

उन्नाव। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर प्रत्येक पात्र व्यक्ति को दवा खिलाना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में दिए। बैठक में 19 नवंबर से सात दिसंबर तक चलने वाले अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जेआर सिंह ने बताया कि अभियान हसनगंज और औरास विकासखंड में चलाया जाएगा। इसके लिए 125 टीमें गठित की गई हैं। औरास में फाइलेरिया के 236 और हसनगंज में 99 मरीज चिह्नित किए गए हैं। आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एनजीओ के माध्यम से घर-घर जाकर पात्र लोगों को दवा खिलाई जाएगी। डीएम ने अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और दोनों विकासखंडों में प्रतिदिन की कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए।

सिकटिहा मोहल्ले मे पुलिस ने पकड़ा हजारों का जुवां

लखीमपुर खीरी। कोतवाली सदर क्षेत्र के सिकटिहा मोहल्ले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुए के अड्डे पर छापेमारी कर कार्रवाई की है। सीओ सदर सदर महक शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली सदर और महिला थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने कन्हैयालाल के मकान में चल रहे जुए के फड़ को पकड़ा। मौके से मकान मालिक समेत 28 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान एक लाख 66 हजार 691 रुपये नकद और ताश की चार गड्डियां बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर की रात प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि सिकटिहा में कुछ लोग रुपये की हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल टीम गठित कर छापा मारा गया।

आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए आयोजन



लखनऊ। लखनऊ कनेक्शन.वर्ल्डवाइड फाउंडेशन समय.समय पर समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के उत्थान और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कार्यों में सहभागिता करता रहता है। इसी क्रम में बाल दिवस की पूर्व संध्या पर द्वारा विकास नगर स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए एक विशेष उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर 25 से अधिक बच्चों के लिए गायनए नृत्यए चित्रकलाए वाद.विवाद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में गुरुकुल अकादमी के छात्रों ने किया प्रतिभाग

पलिया कलां-खीरी। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल लखनऊ द्वारा 14 से 17 नवंबर 2026 तक अपनी विभिन्न शाखाओं में द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय मैथ्सवर्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में गणित से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा गणित के प्रति रुचि विकसित करने का अवसर मिल रहा है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न देशों से आए सैकड़ों विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं. विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ संवाद करने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा अलग-अलग देशों की शैक्षणिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को समझने का अनूठा अवसर प्राप्त हो रहा है।

10 लाख और प्लाट मांगने के आरोप में दो कथित पत्रकार गिरफ्तार

गंगाघाट, सदर, असोहा और सोहरामऊ थानों में पहले से दर्ज हैं मुकदमे

उन्नाव। व्यापारी को डराने-धमकाने और अवैध वसूली के आरोप में सदर कोतवाली पुलिस ने दो कथित पत्रकारों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने व्यापारी से 10 लाख रुपये और एक प्लाट की मांग की थी। इसके अलावा 60 हजार रुपये की अवैध वसूली और सोशल मीडिया के जरिए जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने दोनों को तहसील गेट के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरिजाबाग निवासी सुरेंद्र वर्मा पुत्र मेवालाल ने 13 नवंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि जवाहरनगर निवासी मन्नू अवस्थी (32) और सराय कासिफ निवासी अरमान (39) ने एकराय होकर उन्हें मौत का भय दिखाया और रुपये व प्लाट की मांग की। पीड़ित ने 60 हजार रुपये की वसूली और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया। पुलिस को 10 हजार रुपये देने से संबंधित मैसेज भी दिखाया। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 714/2026 में बीएनएस की धारा 308(5), 308(2), 351(3) और 3(5) के तहत रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस के अनुसार, मन्नू पर गंगाघाट और सदर कोतवाली में चार मुकदमे दर्ज हैं।